संख्याः-आई/518358/2024

प्रेषक,

रविन्द्र,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलपति,
उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्यायपशुचिकित्सा
विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान
संस्थान, मथुरा।

पशुधन अनुभाग-3 **लखनऊः: दिनांकः 13 मार्च, 2024**

विषयः मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा दिनाँक 24.02.2018 के क्रम में उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा, विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान, संस्थान, मथुरा में प्रारम्भ किये जाने वाले फैकल्टी ऑफ डेयरी सांइस कोर्स के प्रथम वर्ष के लिए गैर-शैक्षणिक पदों के सृजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-995/यूपीडीडीवीयू/आर-2023, दिनाँक 27.10.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा मथुरा विश्वविद्यालय (DUVASU) में प्रारम्भ किये जाने वाले फैकल्टी ऑफ डेयरी सांइस कोर्स के प्रथम वर्ष के लिए गैर-शैक्षणिक पदों के सृजन का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ डेयरी सांइस कोर्स के अन्तर्गत अन्डर ग्रेजुएट डेयरी कोर्स के समुचित संचालन हेतु प्रथम वर्ष के लिए निम्न विवरणानुसार कुल 31 गैर-शैक्षणिक पदों को सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की सं0	वेतन मैट्रिक्स लेवल	पद की अर्हता	भर्ती का स्रोत
1	**सहायक लेखाकार**	**01**	**(लेवल-5) (रू0 29200-92300)**	**राज्य सरकार द्वारा पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता**	**सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार**
2	**प्रधान सहायक**	**02**	**(लेवल-6) (रू0 35400-112400)**	**राज्य सरकार द्वारा पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता**	**पदोन्नति के माध्यम से**
3	**आशुलिपिक**	**01**	**(लेवल-5) (रू0 29200-92300)**	**राज्य सरकार द्वारा पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता**	**सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार**
4	**सहायक स्टोर कीपर**	**01**	**(लेवल-2) (रू0 19900-63200)**	**राज्य सरकार द्वारा पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता**	**सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार**
5	**प्रयोगशाला सहायक**	**04**	**(लेवल-3) (रू0 21700-69100)**	**राज्य सरकार द्वारा पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता**	**सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार**
6	**वरिष्ठ सहायक**	**03**	**(लेवल-5) (रू0 29200-92300)**	**राज्य सरकार द्वारा पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता**	**पदोन्नति के माध्यम से**
7	**कनिष्ठ सहायक**	**06**	**(लेवल-3) (रू0 21700-69100)**	**राज्य सरकार द्वारा पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता**	**सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार**
8	**कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए**	**04**	**(लेवल-4) (रू0 25500-81100)**	**राज्य सरकार द्वारा पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता**	**सीधी भर्ती विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार**
कुल शैक्षणिक पद		**22**			

आउट सोर्सिंग के माध्यम से

क्र0सं0	सेवाओं की प्रकृति	पदों की संख्या	स्रोत	अभ्युक्ति
1	**चतुर्थ श्रेणी- (चालक सहित वाहन-02, सेवक-07)**	**09**	**09 पदों की मानव सम्पदा के समतुल्य सेवा प्रदाता के माध्यम से जॉब आउटसोर्सिंग द्वारा।**	**श्रम विभाग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में न्यूनतम मजदूरी दर के आधार पर निर्धारित पारिश्रमिक देय होगा।**
	कुल पदों की संख्या	22 + 09 = 31		

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- उक्तानुसार पद सृजन की स्वीकृति निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन हैः-

(3.1) पदों का सृजन न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर किया जा रहा है, यह संबंधित विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा अपने स्तर से पुनः सुनिश्चित कर लिया जायेगा।

(3.2) सृजित किये जा रहे पद आई0सी0ए0आर0 के निर्धारित मानक के अनुसार हैं, यह सुनिश्चित किये जाने का दायित्व संबंधित विश्वविद्यालय के कुलसचिव का होगा।

(3.3) प्रश्नगत पदों का सृजन मथुरा विश्वविद्यालय (DUVASU) के प्रस्ताव के क्रम में किया जा रहा है। इन पदों की आवश्यकता एवं औचित्य का निर्धारण किये जाने का पूर्ण दायित्व संबंधित विश्वविद्यालय के कुलसचिव का होगा।

(3.4) उक्त पदों पर भर्ती एवं चयन की कार्यवाही राज्य सरकार द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया एवं नियमों के अन्तर्गत की जायेगी।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या- E-1-618-X-2023-24, दिनांक 07.03.2024 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
रविन्द्र,
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनाँक उपर्युक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार लेखा एवं हकदारी (प्रथम)/लेखा अनुभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. निदेशक (प्रशासन एवं विकास) पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा।
5. जिलाधिकारी, मथुरा/मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, मथुरा।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-1
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अमरनाथ उपाध्याय,
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।